卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 134 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦22 फरवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## आंदोलन में किसान की मौत पर फूटा गुस्सा

### पुलिस से नोंक झोंक, हरियाणा के मुख्यमंत्री खट्टर का फूंका पुतला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पटियाला जिले के दातासिंह वाला बार्डर पर गत दिवस आन्दोलित किसानों व पुलिस के मध्य हुई झड़प के पश्चात एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से आक्रोशित किसानों ने तराई किसान संगठन के बैनर तले हरियाणा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का पुतला फूंकने को लेकर किसानों की पुलिस से तीखी नोंक झोंक भी हुई। बाद में किसानों प्रदर्शन के साथ भगतसिंह चौक में पुतले को आग के हवाले किया। इससे पूर्व तराई किसान संगठन के बैनर तले भारी संख्या में किसान गल्ला मंडी में एकत्रित हुए। जहां आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि आन्दोलित किसान की पुलिस की गोली लगने से मौत हुई है। सरकार किसानों के आन्दोलन को बल पूर्वक दबाना चाहती है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जायेगा। सभा को कई वक्ताओं ने सम्बोधित किया। सभा के बाद किसान हरियाणा सरकार के सीएम मनोहर लाल खट्टर का पुतला फूंकने के लिए रवाना होने लगे तो मौके पर मौजूद कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने पुलिस बल के साथ उन्हें आगे बढ़ने से (शेष पृष्ठ 7 पर)





## मुठभेड़ में बदमाश की गोली से दरोगा घायल


हरिद्वार (उद संवाददाता)। बच्चे की हत्या के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। बदमाश ने पुलिस को देख फायर झोंक दिया। जिससे सीआईयू केदरोगा घायल हो गए। जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी है उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों अस्पताल में भर्ती है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि दिसंबर में रोड़ीबेलवाला क्षेत्र में झुग्गी बस्ती चमगादड़ टापू में ई रिक्शा चालक राजेश के छह वर्षीय बेटे अजीत की गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। घर से मोमबत्ती लेने पहुंचे मासूम का शव एक झुग्गी में मिला था, जिसके गले में चुन्नी का फंदा कसा हुआ था। उसके शरीर के कई अंगों को (शेष पृष्ठ सात पर)



## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

### ससुरालियों पर मारपीट का आरोप, फैमिली कोर्ट में था मामला

काशीपुर(उद संवाददाता)। पिछले लगभग एक वर्ष के करीब से विवादों के कारण मायके में रह रही विवाहिता की बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि ससुराल वालों की कारस्तानी के कारण घटना घटित हुई। फिलहाल पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक गंगापुर रकबा थाना कुंडा निवासी गंगाराम ने वर्ष 2021 में अपनी 26 वर्षीय पुत्री कंचन उर्फ शीलू का विवाह हनुमान मूर्ति देहरी गांव थाना कटघर जनपद मुरादाबाद निवासी राजकुमार नामक (शेष पृष्ठ सात पर)



## घर के बिस्तर पर मृत मिला युवक

काशीपुर। मोहल्ला कटरा मालियान निवासी एक युवक की बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह मानपुर रोड स्थित एक राइस मिल में काम करता था। पता चला है कि उपरोक्त मोहल्ला निवासी 21 वर्षीय मोंटी पुत्र राजेंद्र घर में अपने पिता के साथ रहता था। वह दो भाई एक बहन है। उसके बड़े भाई तथा उसकी बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। भाई अपने परिवार के साथ अलग शिवनगर में रहता है। बताया गया कि पिछले दो दिन (शेष पृष्ठ सात पर)

## फर्जी हस्ताक्षर कर ले लिया 27 लाख का लोन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक महिला के नाम से फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक अधिकारियों द्वारा बैंक से 27लाख का लोन निकाल लिये जाने का मामला सामने आया है। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में प्रियंका जैन पत्नी शाहिल जैन पुत्री दलवीर सिंह निवासी सनव्यू इनक्लेव अथाली कला लुधियाना, पंजाब ने कहा है कि उसे कोटक महिन्द्रा बैंक लि0 रजिस्टर्ड ऑफिस,पंजाब से 17 जनवरी 2024 को नोटिस प्राप्त हुआ जिससे उसे ज्ञात हुआ कि उसके नाम से कोटक महिन्द्रा बैंक लि. बाजपुर जिसका पूर्व में नाम आईएनजी वैश्या बैंक था, से उसकी भूमि को बंधक रखकर उसके फर्जी हस्ताक्षर करके 27 लाख का लोन ले लिया है। जबकि उसने कोटक महिन्द्रा बैंक बाजपुर से कोई लोन नहीं लिया है, न ही कभी बैंक में ऋण लेने गई। 5 फरवरी 2024 को कोटक महिन्द्रा बैंक रूद्रपुर में गई और लोन के सम्बन्ध में लोन के कागज देखने के लिये बैंक वालों से कहा तो बैंक वालों ने पहले मना कर दिया बाद में लोन के सारे पेपर दिखाए। पेपर देखने पर पाया गया कि बैंक पेपर में जो हस्ताक्षर थे वह उसके हस्ताक्षर अलग अलग थे। उसका आरोप है कि उसके नाम से फर्जी लोन कराकर कोटक महिन्द्रा बैंक लि. बाजपुर के अधिकारी हरदीप सिंह एवं चरनजीत सिंह पूर्ण रूप से शामिल हैं। वह कभी भी आईएनजी वैश्या बैंक नहीं गई और न ही वहाँ पर कोई खाता खुलवाया। हरदीप सिंह द्वारा उसका फर्जी खाता खुलवाया गया। उसके फर्जी हस्ताक्षर बनाकर उसके नाम से 27 लाख का ऋण कोटक महिन्द्रा बैंक लि. बाजपुर के कर्मचारियों एवं अधिकारियो द्वारा आपस में मिलकर लोन लिया है। लोन पेपर पर जो हस्ताक्षर किये गये हैं वो 7 नवम्बर 2014 को किये गये हैं इस दिन उसकी शादी की मेंहदी रस्म का कार्यक्रम दिल्ली में था। वह कार्यक्रम में मौजूद थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## झोलाछाप की लापरवाही से मासूम बच्चे की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बुखार से पीड़ित 2 माह के मासूम बच्चे की झोलाछाप डाक्टर के इलाज से मौत हो गई। परिजन मासूम को जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार आवास विकास निवासी योगेश कुमार ठेली लगाकर परिवार का भरण पोषण करता है। उसका 3 वर्षीय पुत्र दीपक व 2 माह का पुत्र यश है। यश को कल रात्रि बुखार होने के कारण उसकी माता प्रेमा आवास विकास के एक क्लीनिक में उपचार कराने ले गई थी। तथाकथित चिकित्सक द्वारा बच्चे को देखने के बाद कुछ पुड़ियों में दवा बनाकर दे दी गई। प्रेमा (शेष पृष्ठ सात पर)



## ई रिक्शा लूटने वाले दो बदमाश दबोचे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बिंदुखेड़ा रोड़ पर ई रिक्शा लूट कर फरार हुए दोनों लुटेरों को पुलिस ने वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार रम्पुरा वार्ड 23 निवासी लक्ष्मन पुत्र रामकुमार के ई रिक्शा संख्या यूके 06 ईआर 805 पर 18 फरवरी रात एक लड़का सामिया से आगे बिन्दु खेड़ा छोड़ देने के लिए बैठा। रास्ते में उसने लक्ष्मण से फोन माँगा और फोन पर किसी को कहा तुम मुझे रास्ते में लेने आ जाओ । इसके बाद बिन्दु खेड़ा रोड पर अँधेरे में बाइक सवार एक लड़के ने टुक टुक रोका और दोनों टुकटुक छीनकर बिंदु खेड़ा की तरफ भाग गये । मामले की रपट दर्ज करा दी गई थी। एसएसआई कमाल हसन ने बताया कि एसआई दीपक जोशी ने मुखबिर की सूचना पर टीम के साथ कीरतपुर मोड़ पर साईं बिहार, फेज 5, मनिहार खेड़ा निवासी दिव्यांशु कुमार पुत्र राजेश व दानपुर निवासी प्रमोद पुत्र संजय को दबोच कर उनकी निशानदेही पर लूटा गया टुकटुक बरामद कर लिया।



## फिल्मी अंदाज में तमंचे की नोक पर कार चालक से लूट

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। सवारी छोड़कर वापिस घर आ रहे कार चालक से बदमाशों ने तमंचा दिखाकर रुपए व मोबाइल लूट लिया। वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस के हाथ पांव फूल गए। बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस ने कांबिंग अभियान चलाया। जानकारी के अनुसार सितारगंज के ग्राम गोठा निवासी कार चालक ने पुलिस को बताया वह अपनी कार से खटीमा में सवारी छोड़कर वापिस घर जा रहा था। नानकमत्ता नेशनल(शेष पृष्ठ सात पर)

## अब्दुल मलिक की पत्नी के खिलाफ केस

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बनभूलपुरा दंगे के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक की पत्नी पर नगर निगम ने एफआईआर दर्ज करायी है। जिसमें नगर निगम के एसएनए गणेश भट्ट द्वारा बताया गया कि साफिया मलिक पत्नी अब्दुल मलिक, अब्दुल मलिक पुत्र स्व. अब्दुल रज्जाक, निवासी अब्दुला बिल्डिंग, लाईन नं. 8. हल्द्वानी, अख्तरी बेगम पत्नी नन्हें खां, नबी रजा खां पुत्र अशरफ खां, निवासी हल्द्वानी, गौस रजा खां पुत्र स्व. अशरफ खां (शेष पृष्ठ सात पर)

## नवनिर्मित भव्य श्याम मन्दिर की हुई प्राण प्रतिष्ठा

### मन्दिर में आज रात्रि होगा श्री खाटू श्याम बाबा का भजन कीर्तन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गल्ला मन्दिर में नवनिर्मित भव्य श्री खाटू श्याम मन्दिर में आज श्री खाटू श्याम बाबा के स्वरूप सहित कई देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान से की गई। इससे पूर्व नवनिर्मित श्री खाटू श्याम मन्दिर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसके पश्चात श्री गणेश,श्री खाटू श्याम बाबा, राणी सती दादी, माँ दुर्गा, श्री हनुमान,शिव परिवार,शीतला माता,शनि देव,बृहस्पति देव,श्री मेहन्दीपुर बाला जी,संतोषी माता,श्री लक्ष्मी नारायण, कलिक जी, श्री राधा कृष्ण के साथ ही अनेक देवी देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा (शेष पृष्ठ सात पर)





## पत्नी से विवाद के बाद पति ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शराब पुणे को लेकर पत्नी के साथ हुए झगड़े के बाद पति ने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। शाम को कमरे का दरवाजा खोला तो परिजनों ने उन्हें फांसी पर लटका देखा। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार गत सायं एक व्यक्ति ने चौकी लालपुर को सूचना दी कि गुरु नानक स्टेट कॉलोनी लालपुर में एक व्यक्ति ने अपने घर पर फांसी लगा ली है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर परिजनों से पूछताछ की। मृतक राजू पुत्र कृष्णा महतो उम्र 40 वर्ष निवासी गुरु नानक स्टेट कॉलोनी लालपुर की पत्नी रेखा देवी ने बताया कि उसके पति शराब पीने के आदि थे। कल रात भी शराब पीकर उनके द्वारा घर पर लड़ाई झगड़ा किया था। तो उसने अपने पति से कहा कि वह कल अपनी बेटी के साथ अपने माईके चली जाएगी। तुम यहीं पर रहना। सुबह 11बजे करीब पति ने उससे कहा कि तू अपने मायके जा रही है तो वह अपने घर सिवान बिहार चला जाएगा ।12 बजे करीब उसके पति राजू ने कमरे के अंदर कुंडी लगा ली। उसने सोचा यह सो रहे हैं तो वह अंदर वाले कमरे में सो गई। शाम को जब उसकी बेटी खुशबू व लड़का नितेश स्कूल से आए। हमने दरवाजा खटखटाया। जब इन्होंने दरवाजा नहीं खोला (शेष पृष्ठ सात पर)

# सफाई कर्मियों की हड़ताल से सफाई व्यवस्था हुई चौपट,धरने पर बैठे

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी समेंत 8 कर्मचारी को हटाएं जाने व विभिन्न मांगो को नगर में सफाई व्यवस्था ठप्प कर कर्मचारी हड़ताल पर बैंठ गए। नगर पंचायत के प्रांगण में दूसरे दिन भी धरने पर बैंठे कर्मचारियों के समर्थन में पहुंचे कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संतोश गौरव ने कहा कि बिना किसी शासन के आदेश के नोटिस दिए बगैर 8 कर्मचारियों को नगर पंचायत से हटा दिया गया, जिससें कर्मचारी भुखमरी के कगार पर आ गए है। श्री गौरव ने कहा कि अगर जल्द कर्मचारियों की बापसी व मांगो को नही माना गया तो कर्मचारी हड़ताल पर बनें रहेंगे। इस दौरान अगर किसी के द्वारा नगर में सफाई कार्य किया गया तो उसका पुरजोर विरोध किया जायेगा। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते नगर में आज डोर टु डोर कुड़ा भी नही उठा। कुड़ा उठाने वाले वाहन नगर पंचायत में ही खड़े रहें। इस मौके पर नगर पंचायत के निर्वतमान चौयरमेन प्रेम सिंह टुरना, व्यापार मण्डल अध्यक्ष दिनेश गोयल ,पर्यावरण मित्र सोनु कुमार भारती ,सागर,धीरज, संजीव कुमार, राजेन्द्र, अर्जुन,अरूण, सुरेश आदि मौजूद थे। उधर नगर पंचायत की अधिशाशी अधिकारी विमला जोशी ने बताया कि शासन के आदेश पर आठ कर्मचारी जो कि पद के सापेक्ष अधिक थे, उनको हटाया गया है। हटाएं गए कर्मचारी और कार्यरत कर्मचारी का मांग पत्र मिला है , जिसके संम्बध में उपजिलाधिकारी/ प्रशासक से वार्ता की जायेगी। नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर जल्द कोई निर्णय लिया जायेगा।



## कर्मचारियों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जायेगा: टुरना

नानकमत्ता। नगर पंचायत के निर्वतमान चेयरमेन प्रेम सिंह टुरना ने पर्यावरण मित्रों को अपना समर्थन देते हुंये अधिशाशी अधिकारी पर मनमानी का आरोप लगाया है। श्री टुंरना ने कहा कि उनके 5 वर्ष के कार्यकाल में कभी कर्मचारियों को हड़ताल करने की नौबत नही आई। पर्यावरण मित्र कोरोना काल से लेकर नगर की सफाई व्यवस्था के साथ मरे जानवरों को उठाने जैसा जोखिम काम करते है। ऐसे में उनको हटाकर उनके साथ अन्याय किया गया है। जबकि नगर पंचायत में कर्मचारियों की संख्या वैसे ही कम है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कर्मचारियों की बापसी नही की गई तो लड़ाई जारी रहेंगी।

# भ्रष्टाचार के अड्डे में तब्दील है तहसील

## महिला अधिवक्ता ने विजिलेंस की कार्यवाही को सही ठहराया

काशीपुर(उद संवाददाता)। रिश्वतखोरी के आरोप में विजिलेंस टीम के द्वारा रंगे हाथ पकड़े गए पटवारी धर्मेंद्र एवं उसके सहयोगी की गतिविधियों को लेकर तमाम गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। काशीपुर बार एसोसिएशन की पूर्व उपसचिव एवं महिला अधिवक्ता सिंधु आकाश ने प्रेस को जारी





विज्ञप्ति में विजिलेंस की कार्यवाही को सही ठहराया। उन्होंने कहा कि तहसील में विजिलेंस टीम की कार्यवाही के दौरान कुछ लोगों द्वारा कार्यवाही का विरोध किया जाना शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि तहसील में अभी और दर्जनों दलाल ऐसे सक्रिय हैं जो महत्वपूर्ण कार्यों के बदले क्षेत्रीय जनता लगातार आर्थिक दोहन करते हुए सरकार के राजकाज पर बट्टा लगाने का काम कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि एक व्यक्ति से आय प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर पटवारी धर्मेंद्र तथा उसके सहयोगी ने सुविधा शुल्क के रूप में 7000 रुपए की डिमांड की थी। सटीक सूचना पर विजिलेंस की टीम ने बुधवार को तहसील परिसर में जाल बिछाकर रिश्वत की रकम लेते पटवारी धर्मेंद्र तथा उसके सहयोगी को रंगे हाथों दबोचा । कार्यवाही के दौरान कुछ लोगों ने पटवारी का पक्ष लेते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए हंगामा काटने की कोशिश की लेकिन प्रशासन के आगे उनकी एक नहीं चली। महिला अधिवक्ता ने पुलिस प्रशासन तथा विजिलेंस टीम की कार्यवाही को सही ठहराया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से तहसील भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। तहसील कार्यालय में सरकारी कार्य के लिए बाहरी लड़कों को रखा गया है। बताया जा रहा है कि यही बाहरी लड़के तहसील आने वाले लोगों से महत्वपूर्ण कार्यों के बदले में सौदेबाजी करते हैं। महिला अधिवक्ता ने विजिलेंस की कार्यवाही को जायज ठहराते हुए कहा कि इस तरह की कार्यवाही से जहां एक और भ्रष्ट अधिकारियों को नसीहत मिलती है वही क्षेत्रीय जनता ने काफी राहत महसूस की।

### उपनिबंधक कार्यालय में दलालों का बोलबाला

काशीपुर। दलाली एवं कमीशन खोरी को लेकर पिछले कुछ समय से सब रजिस्ट्रार कार्यालय सुर्खियों में है। सूत्रों का कहना है कि रजिस्ट्री पर यहां मनमाना परसेंटेज लिया जा रहा है। इसके अलावा नकल, रजिस्ट्रेशन, बगैर सुविधा शुल्क नहीं होते। उप निबंधक कार्यालय दलाली की चपेट में है। क्षेत्र के तमाम बिल्डर प्रॉपर्टी डीलर एवं भू माफियाओं कार्यालय के इर्द-गिर्द मंदिर मंडराते देखा जा सकता है।

# जिलाधिकारी ने दिए शत प्रतिशत राजस्व वसूली और न्यायालय वादों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद में राजस्व वसूली व लम्बित वादों की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने सभी अधिकारियों को शत-प्रतिशत राजस्व वसूली करने के साथ ही विभिन्न न्यायालय वादों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बुधवार को जिला सभागार में मासिक स्टाफ बैठक राजस्व वसूली समीक्षा के दौरान सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसीलदारों के साथ समन्वय स्थापित आरसी का मिलान करते हुये वसूली को बढ़ाये। उन्होंने खनन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त राजस्व वसूली लक्ष्य को समय से पूर्ण करें। उन्होंने सभी तहसीलदारों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने आबकारी विभाग को राजस्व वसूली हेतु सभी पहलुओं पर रणनीति बनाते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने राज्य कर तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी राजस्व वसूली तथा वृद्धि हेतु महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये।उन्होंने कानून एवं शान्ति व्यवस्था की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि न्यायालयों में अभियोजन पक्ष द्वारा प्रभावी पैरवी की जाये और पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिले। उन्होंने निर्देश दिये कि सम्मन समय से तामील हों तथा मुचलका आदि की कार्यवाही भी समय से पूर्ण की जाये। उन्होने डीजीसी राजस्व को निर्देश दिये कि डीएम व एडीम न्यायालयों में चल रहे राजस्व से सम्बन्धित वादों, चकबन्दी विभाग के समीक्षा के दौरान निर्देश दिये जो गांव चकबन्दी के अन्तर्गत है उसकी पूरी डिटेल बनाकर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी समीक्षा हो सकें। जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि महिला उत्पीड़न को रोकने हेतु प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु आरटीओ व पुलिस विभाग कार्ययोजना बनाकर प्रभावी कार्यवाही करें। सीएम हैल्पलाईन की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही है उसका एल-1 स्तर पर सम्बन्धित शिकायतकर्ता से पोर्टल के माध्यम से वार्ता कर समय से निस्तरण करना सुनिश्चित करें।बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अशोक कुमार जोशी, अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डे, गौरव चटवाल, राकेश तिवारी, अभय प्रताप सिंह, रविन्द्र बिष्ट, ओसी कलैक्ट्रेट डॉ.अमृता शर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।



# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना जारी

गदरपुर(उद संवाददाता)। ब्लॉक कार्यालय के बाहर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। इस मौके पर सुनीता रानी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि उनकी चार मुख्य मांगे हैं हमें न्यूनतम मजदूरी की मांग कर रहे हैं जबकि आज का मजदूर 600 से 700 रुपए प्रतिदिन के कमाता है और हम लोग पढ़े-लिखे होने के बावजूद 9300 में काम कर रहे हैं हमारा आंदोलन लोकतांत्रिक तरीके से चल रहा है और हमारी मांगे नहीं मानी जाती हैं तो यह धरना अनिश्चितकाल तक चलेगा।



इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मिनी कर्मचारी संगठन की जिला अध्यक्ष मनप्रीत कौर ने बताया कि चार मुख्य मांगे हैं जिसमें मुख्य मांग 18000 रुपए प्रतिमा वेतन 60 वर्ष पूर्ण होने पर दो लाख का प्रावधान गोल्डन कार्ड और 50 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वेतन में उचित वृद्धि होनी चाहिए यह हमारी मांगे हैं और रेखा नेगी प्रदेश अध्यक्ष के कहने पर संगठन आगामी रणनीति बनाएगी ।कार्य बहिष्कार करने वालों में जिला अध्यक्ष के अलावा हरजिंदर कौर, अनीता रानी, राधा रानी, प्रभा रानी, रीता, रजनी बत्रा, भूपेंद्र कौर, सुनीता रानी, नीलम रानी, शकुंतला, सविता सरकार, रीता मलिक, उषा राय, दीपाली, शाइस्ता, मधु, शिखा, विमला देवी, सावित्री सहित काफी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

# 99 बेटियों के विवाह का माध्यम बनी शिव कांवर सेवा समिति

## धूमधाम से संपन्न हुआ 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह

सितारगंज (उद संवाददाता)। शिव कांवर सेवा समिति गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह कराकर गरीब बेटियों के माता-पिता को बड़ी राहत प्रदान कर रही है। गुरुवार को 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ । बकायदा सामूहिक विवाह में जलपान का भी प्रबंध किया गया है। शिव कांवर सेवा समिति और उससे जुड़े समाजसेवियों के प्रयासों की हर तरफ प्रशंसा हो रही है। खटीमा रोड स्थित श्री मोनी बाबा मंदिर से संबंधित शिव कावर सेवा समिति के महंत आनंद बोरा, उनकी टीम के सदस्य पिछले 9 वर्षों से निरंतर 11 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कराकर समाज को नई दिशा दे रहे हैं। महंत आनंद बोरा और उनकी टीम क्षेत्र में विधिक रूप से 18 वर्ष पूर्ण करने वाली गरीब कन्या को चिन्हित कर सामूहिक विवाह की रसम को पूर्ण करवा रहे हैं। जिसमें उनके साथ समाजसेवियों का भी बड़ा योगदान है। सामूहिक विवाह के लिए चिन्हित कन्याओं को समाजसेवियों की तरफ से गिफ्ट भी दान स्वरूप दिए जा रहे हैं। गुरुवार को सामूहिक विवाह की रस्म अदायगी के बाद पंडित हरीश भट्ट, दिगंबर सती, आनंद बल्लभ पांडे, सद्दा विवाह के संस्कार पूर्ण करेंगे। इस दौरान समिति की तरफ से घराती और बारातियों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई है। निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह के आयोजन में पूर्व सभासद रवि रस्तोगी, सिडकुल लाओपाला फैक्ट्री प्रबंधन मोहन कुमार, दीपक गुप्ता, नितिन अरोरा, दीपक चौहान, लकी बब्बर, मोनू शर्मा, विकास गुप्ता, विक्की गुप्ता, रणजीत राणा, विजय सक्सेना, सोनू शर्मा, अजय शर्मा, रवि सक्सेना आदि की मुख्य सहभागिता है। गुरुवार को गोविंद नगर निवासी किरण, सरोज कुमारी, योगिता राणा, आरती, मीनू सरदार, कमलेश, रंजु राणा, आरती कश्यप, वंदना, मोहनी राणा, सोनी के विवाह संपन्न हुए।





# दुर्घटना संभावित स्थानों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

काशीपुर(उद संवाददाता)। दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर आज डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर राजीव मेहरा व असिस्टेंट डायरेक्टर रोड सेफ्टी नरेश संघल ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (ए आरटीओ प्रशासन) विमल पांडे, ए आरटीओ (प्रवर्तन) जितेंद्र चंद्र, समेत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर डेंजर जोन की कैटेगरी में आने वाले महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण किया। टांडा उज्जैन तिराहे पर निरीक्षण के दौरान परिवहन विभाग के अधिकारियों ने माना कि उक्त स्थान पर जब तक गोल चक्कर नहीं बनेगा वाहन चालक ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करते हुए रॉन्ग साइड से निकलना नहीं छोड़ेंगे। परिवहन के अधिकारियों ने यह भी माना कि ऐसे महत्वपूर्ण स्थानों पर ट्रैफिक लाइट की भी नितांत आवश्यकता है। जरूरी निर्देश देते हुए डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने यातायात व्यवस्था में सुधार की बात कही। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों को यदि वाहन चालक फॉलो करना शुरू कर देंगे तो निश्चित रूप से दुर्घटनाओं का ग्राफ काम हो जाएगा। परिवहन विभाग की इस टीम ने आज टांडा उज्जैन तिराहे के अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों को लेकर स्टेडियम तिराहा रामनगर रोड रेलवे क्रॉसिंग तथा बाजपुर रोड पर भी तमाम महत्वपूर्ण स्थानों का सघन निरीक्षण करते हुए योजना को अति शीघ्र मूर्तरूप देने की बात कही। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षित यात्रा उनकी पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर यातायात निरीक्षक भी मौजूद थे।



# बनभूलपुरा में कर्फ्यू खुलने के बाद शुरू हुई सियासत

## दूसरे राज्यों से आ रहे लोग कर सकते हैं माहौल खराब
## सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे भड़काऊ वीडियो

-हिमांशु वार्ष्णेय-

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा क्षेत्र में मस्जिद व मदरसे को अवैध मानते हुए अतिक्रमण ढाए जाने के खिलाफ हिंसक घटना हुई थी। घटना में प्रशासन, पत्रकार व नगर निगम कर्मचारियों के ऊपर पत्थरबाजी आगजनी करते हुए सभी प्रशासनिक अधिकारी व पत्रकारों की गाड़ियों को भी मौके पर ही जला दिया गया था। क्षेत्र का थाना भी उपद्रवियों द्वारा आग के हवाले करते हुए फूंक दिया गया था। घटना में क्षेत्र के निवर्तमान पार्षद सहित कई लोगों पर माहौल खराब करने के आरोप लगे थे। जिनमें से कई लोगों को पुलिस द्वारा जेल भेजा जा चुका है और सैकड़ो लोग पुलिस की गिरफ्त से दूर है। जिनको स्थानीय पुलिस द्वारा लगातार गिरफ्तारियां करते हुए आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। पूरी घटना का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी वंदना सिंह द्वारा तुरंत पूरे क्षेत्र में कर्फ्यू घोषित कर दिया गया था। वहीं 12 दिन बाद स्थिति सामान्य होने पर क्षेत्र की शांति व्यवस्था को देखते हुए 2 दिन पूर्व ही जिलाधिकारी वंदना सिंह द्वारा पूर्ण रूप से कर्फ्यू हटा दिया गया। इसके तुरंत बाद कई इस्लामी संगठनों ने क्षेत्र का दौरा करना शुरू कर दिया और राहत सामग्री के नाम पर घटनास्थल में पहुंच कर खुलेआम पैसे बांटने शुरू कर दिए हैं। इस्लामिक संगठनों का मानना है दंगे के दौरान जो क्षेत्रीय मुस्लिम कम्युनिटी से मारे गए या फिर घायल हुए वह पीड़ित लोग हैं। पूरे मामले की जांच कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत द्वारा की जा रही है और सबसे बड़ा सवाल यह उठता है बगैर किसी जांच पर पहुंचे दूसरे राज्यों से आए इस्लामिक संगठनों ने राहत सामग्री बांटने के नाम पर एक पक्ष को पीड़ित बताते हुए उनके जज्बातों से खेलना शुरू कर दिया। क्या यह संगठन क्षेत्र की जनता को पीड़ित बताकर जिला




प्रशासन पर उंगली उठाते हुए स्थानीय प्रशासन की भूमिका को विलेन के रूप में दर्शा रहे हैं?जहां एक ओर कुमाऊं कमिश्नर की जांच चल रही है वहीं दूसरी ओर पुलिस प्रशासन द्वारा अभी दंगे के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक और दंगा आगजनी करने वाले कई आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। वहीं क्षेत्र में दूसरे राज्यों से आकर राहत सामग्री के नाम पर पैसे बांटने का खेल जोरों पर है। क्या इन सभी संगठनों को हिंसक क्षेत्र में आने से पहले स्थानीय प्रशासन की अनुमति लेना उचित नहीं लगता। ऐसा लगता है पुलिस को भी इन संगठनों के आने की कोई खबर भी नहीं लगती। क्योंकि बीते दिन हैदराबाद से सलमान खान नाम के एक युवक द्वारा बनभूलपुरा क्षेत्र में खुलेआम पैसे बांटने का मामला सामने आया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत जोरों शोरों से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच में जाकर अपने आप को अल्लाह का बंदा बताते हुए खुलेआम पैसे बांटता नजर आ रहा है। यह युवक अपने आप को हैदराबाद यूथ कांग्रेस का नेता बता रहा है। युवक का कहना है वह चंदा इकट्ठा करके यह पैसे बनभूलपुरा क्षेत्र में बांटने आया है। युवक का कहना है कि मुसलमान पैदा ही शहादत के लिए हुआ है और सूत्रों की मानें तो पूर्व में भी इस युवक पर अन्य राज्यों में हिंसा भड़काने के आरोप लगे हैं वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।अगर इन संगठनों के दौरा करने से जाने अनजाने किसी भी क्षेत्र का माहौल खराब होता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी किसकी होगी? जहां एक और हुई हल्द्वानी की घटना से क्षेत्रीय सहित पुलिस प्रशासन, नगर निगम प्रशासन व पत्रकारों का जो भारी नुकसान हुआ है उनकी स्थिति का जायजा राज्य सरकार भी नहीं ले पाई है। वहीं दूसरी ओर अन्य राज्यों द्वारा एक पक्ष को पीड़ित मानकर मुआवजा देना शुरू कर दिया गया है। वैसे इन संगठनों से राज्य सरकार को भी सीखना चाहिए क्योंकि इन संगठनों की एक्टिविटीज को देखकर लगता है कि राज्य सरकार बहुत पीछे चल रही है।

# अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने किया बनभूलपुरा का निरीक्षण



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने दो सदस्यों के साथ बनभूलपुरा, हल्द्वानी में हुई घटना का घटनास्थल पर जाकर मौका मुआयना किया। उन्होंने आगजनी प्रभावित थाना बनभूलपुरा का स्थलीय निरीक्षण किया। बनभूलपुरा थाना अध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि घटना के वक्त थाने में कुल 11 सदस्यों का स्टॉफ था, जिसमें तीन मजिस्ट्रेट और अन्य पुलिस कार्मिक मौजूद थे। उपद्रवियों ने थाने को दोनों ओर से घेर लिया था, जिसके बाद उनके द्वारा थाने में आगजनी, तोड़फोड़ और पत्थरबाजी की गई।तत्पश्चात अध्यक्ष इकबाल सिंह ने घटनास्थल मलिक के बगीचा का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह और सदर एसडीएम पारितोष वर्मा से घटना की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी घटना की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने कहा यह जो बनभूलपुरा में घटना हुई है, वह निंदनीय है। हम चाहते हैं कि यहां अमन और शांति बहाल हो। हमारी आप सभी से अपील है कि यहां अमन और शांति कायम करने में आप अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। जिस पर स्थानीय लोगों और मस्जिद के मौलाना, धर्मगुरुओं ने अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा से शांति और अमन बहाल करने की गुजारिश की। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि शासन और प्रशासन की तरफ से हमारा पूर्ण सहयोग किया गया है।

# मतदान बूथों पर पूरी करें तैयारियां: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में उप जिलाधिकारियो/सहायक निर्वाचन अधिकारियों की बैठक लेते हुये कहा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 नजदीक है इसलिये सभी निर्वाचन से जुड़े अधिकारी निर्वाचन मोड में आ जाये व अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन की तैयारियां करना सुनिश्चित करें।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी अपने- अपने क्षेत्रों के मतदान बूथों का स्थलीय निरीक्षण करें, प्रत्येक बूथों में रैम्प, विद्युत, पानी, शौचालय आदि व्यवस्थायें समय से अवश्य पूर्ण कराये। उन्होने कहा कि सभी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों (स्वीप) का आयोजन किया जाये ताकि शत- प्रतिशत मतदाता जागरूक हो कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों शस्त्र सत्यापन के साथ ही मदिरा की दुकानों का भी नियमित निरीक्षण कर मदिरा विक्री व स्टॉक सत्यापन करने के भी निर्देश दिये। उन्होने कहा कि जनपद की सभी सीमाओं पर स्थैतिक सर्विलांस टीमे लगाने हेतु अभी से होमवर्क कर स्थान चिन्हित करें साथ ही प्रत्येक राज्य, जनपद, जनपद, विधानसभा बार्डर पर एसएसटी टीमे अवश्य लगायी जाये। उन्होने कहा जनपद के सभी थानों के माध्यम से थानावार शस्त्र लाइसेंस का मिलान शीघ्र जिला कार्यालय शस्त्र अनुभाग से करा ले जिससे जनपद स्तर से जारी शस्त्रों के साथ ही बाहरी जिलो व बाहरी प्रदेशों से जारी कुल शस्त्रों की संख्या प्राप्त हो सकें ताकि निर्वाचन में शत-प्रतिशत शस्त्र जमा करायी जा सकें।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अशोक कुमार जोशी, अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डे, गौरव चटवाल, राकेश तिवारी, अभय प्रताप सिंह, ओसी कलैक्ट्रेट डॉ.अमृता शर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।




# योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता: बिष्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विठौरिया मंडल का लाभार्थी सम्मेलन मंडल अध्यक्ष सुरेश गौड़ के नेतृत्व में संपन्न हुआ।सम्मेलन में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री गजराज सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि हमारे देश को ऐसा नेतृत्व मिला है जो जनमानस की भावनाओं से भली-भांति परिचित है। कार्यकर्ता संगठन व देश के कार्यों व उनके लाभ जनता तक पहुंचाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार विकास कार्यों के लिए प्रयत्नशील है और भारत को निरंतर विकास के ओर को ले जा रहे हैं। हरि मोहन अरोरा ने कहा हमें संगठन को मजबूत करना है तथा लोगों से लगातार जनसंवाद करना है।गरीब पिछड़े वंचित लोगों के लिए आगे आकर कार्यकर्ताओं को काम करना है। मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट ने कहा आज हमारे देश को ऐसा नेतृत्व मिला है जो भारत के विकास पर लगातार अग्रणी है। महिलाओं के विकास जनता में बैठे अन्तिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक हमारी योजनाओं को पहुंचाना हमारे कार्यकर्ता का और उनकी समस्याओं का समाधान करना हमारे कार्यकर्ताओं का कर्त्तव्य है। हम नेता क्षेत्रों के विकास के लिए बनाते हैं। समाज के लिए त्याग और समर्पण की भावना हमारे अंदर होनी चाहिए। योगेश रजवार ने संगठन की रूपरेखा को विस्तार से बताया और संगठन को मजबूत होने व आगामी चुनाव में संगठन को कैसे मजबूत करें कार्यकर्ताओं को समझाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद मेहरा, मंडल महामंत्री दीपक सनवाल, दीपक बिष्ट, प्रवीण जोशी, लाखन बिष्ट, कंचन उप्रेती, केसी त्रिपाठी, मनोज जोशी, मोहित मिश्रा, दिगम्बर भोजक, कौस्तुवानंद जोशी, सुनील जोशी, चंपा नेगी, भगवान देऊपा, सुरेंद्र मोहन नेगी, बीडी जोशी सहित शक्ति केंद्र संयोजक व बूथ अध्यक्षो के अलावा कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।



# इंटरलॉकिंग टाईल्स मार्ग का विधायक ने किया शुभारम्भ



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने ट्रांजिट कैम्प शिव नगर क्षेत्र के वार्ड नं 7 से वार्ड नं 9 को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्ग का राज्य योजना से स्वीकृत 500 मीटर इंटरलॉकिंग टाइल्स रोड का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा का शिव नगर क्षेत्र पहुचने पर स्थानीय लोगो द्वारा फूलमालाओ से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा शिवनगर घनी आबादी वाला क्षेत्र हैं , जहाँ मदन होटल से शाम घाट मार्ग जिसका उपयोग बड़ी संख्या में लोग करते हैं तो वही इस मार्ग की मांग विगत काफी समय से होती आ रही थी ,विधायक बनने के बाद जैसे ही विषय संज्ञान में आया हमारे द्वारा इस महत्वपूर्ण मार्ग को राज्य योजना से स्वीकृत करवाया गया, जिसके निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है निश्चित रूप से इस मार्ग के बनने के बाद से शिवनगर व आस पास के लोगो को काफी राहत मिलेगी, उन्होंने कहा रुद्रपुर विधानसभा में चारो ओर विकास कार्य गतिमान है और हमारा प्रयास है कि क्षेत्र में विकास कार्यो में कोई कमी न रहे इसी के चलते लगातार रुद्रपुर में कार्य हो रहे हैं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, किरन विर्क, विधान रॉय, कैलाश राठौर, शिव कुमार गंगवार, विजय डे,गोविंद शर्मा, डी के गंगवार, मदन दिवाकर, चोखेलाल, आदेश भरद्वाज,डी के गंगवार, राजेन्द्र राठौर आदि मौजूद रहे।

# मोटरसाइकिल सहित एक गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। । पुलिस ने चोरी की एक मोटर साईकिल सहित एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार आसिफ पुत्र आरिफ निवासी लखनऊ कॉलोनी द्वारा रपट दर्ज कराई गयी रपट में कहा है कि उसके घर के बाहर खडी उसकी मोटरसाईकल संख्या यूके 06एई 7689 को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गूलरभोज अंडर बाईपास के नीचे अभियुक्त साजिम पुत्र मुस्ताक निवासी भोला कॉलोनी वार्ड नंबर 2 गदरपुर को चोरी की उक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया।








# विशाल निशान यात्रा से श्याममय हुआ रुद्रपुर

## जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ हुआ ऐतिहासिक निशान यात्रा का स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गल्ला मंडी स्थित बाबा खाटू श्याम मंदिर के जीर्णोद्धार के पश्चात् भव्य श्री खाटू श्याम एवं दादी राणी सती मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में बुधवार शाम शहर में 1100 निशानों के साथ भव्य निशान यात्रा निकाली गयी। इस दौरान जगह जगह निशान यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। निशान यात्रा से पूरे शहर का वातावरण श्याममय हो गया। अखिल भारतीय श्री श्याम परिवार द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक निशान यात्रा का शहर की विभिन्न धार्मिक सामाजिक संस्थाओं ने स्वागत किया और आयोजन की सराहना की। निशान यात्रा के दौरान खाटू के फाल्गुन महोत्सव जैसी अनुभूति हुई। भव्य निशान यात्रा की शुरुआत में महावीर ध्वज के साथ खूबसूरत झांकियों के बाद झुनझुनू वाली दादी राणी सती का भव्य रथ चल रहा था जिसके बाद शुरू हुआ निशान यात्रियों का रेला, बाबा श्याम के रथ से शुरू हुआ ये 1100 निशान यात्रियों का रेला लगभग 2 किलोमीटर तक लंबा चला। जिसके बाबा श्याम के भजनों पर झूमते और थिरकते सभी श्याम प्रेमी नजर आये। निशान यात्रा मार्ग पर कई सामाजिक संस्थानों द्वारा स्वागत सत्कार भी किया गया। श्री खाटू श्याम मंदिर प्रांगण गल्ला मंडी से शुरू हुई यात्रा शहर के अग्रवाल धर्मशाला, अग्रसेन चौक ,मुख्य बाजार, गांधी पार्क, भगत सिंह चौक होते हुए गल्ला मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्री खाटू श्याम मंदिर के पदाधिकारी की तरफ से अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान श्याम प्रेमियों ने कहा कि श्री श्याम निशान पदयात्रा धार्मिक पहचान है और आज देश में हजारों लाखों श्री खाटू श्याम जी के भक्त हैं ।उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष हजारों की संख्या में भक्तगण श्री खाटू श्याम मंदिर में दर्शन करने जाते हैं और अपने जीवन को सौभाग्यशाली बनाते हैं । निशान यात्रा में विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, भी अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कलयुग में में शीश के दानी हारे के सहारे खाटू श्याम भगवान की गूंज पूरे भारत मे है वही रुद्रपुर में भी श्याम प्रेमियों के भक्त बडी संख्या में है। वहीं बाबा भक्त मण्डल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल, महामंत्री साहिल आहूजा, वरिष्ठ समाजसेवी सुशील गाबा, कपीश सुखीजा आदि ने मुख्य बाजार में पुष्प वर्षा के साथ निशान यात्रा का स्वागत किया और निशान यात्रा में शामिल अतिथियों को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। यात्रा में गदरपुर के विधायक अरविंद पांडे ,पूर्व विधायक राजकुमार टुकराल,भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ, बालाजी मन्दिर के महंत रमेश वशिष्ठ, तारा चन्द्र अग्रवाल ,अनिल चौहान, विनीत जैन, सुशील गावा, मनोज मदान, विवेक सक्सेना, राकेश सिंह, दिवाकर पांडे, रामपाल सिंह, संजय ठुकराल, संदीप राव, अभिषेक अग्रवाल, चंद्र अग्रवाल, संजीव गुप्ता, विनय बंसल, पंकज, सुरेंद्र गुप्ता, पूनम चंद्र अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, चंदन अग्रवाल,जय भगवान जैन, सुशील कुमार अग्रवाल,बल्लू, दीपक, विजय भूषण गर्ग, राज कोली, शिवकुमार शिब्बू,सन्नी पासवान, अभिषेक, श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी कैलाश गर्ग, चंदन अग्रवाल, राजेश श्यामपुरिया, मोहन भोला सहित श्याम परिवार के सदस्य नीरज गर्ग, अमित शर्मा, नितिन अग्रवाल, श्याम गर्ग, जितेंद्र अग्रवाल, सिद्धार्थ अरोड़ा, अमित बंसल, सीए कुशल अग्रवाल, हरि अग्रवाल, हिमांशु जिंदल, अनुज गुप्ता, रंजित बत्रा, विकास नारंग, अनिल गोयल, अभिषेक अग्रवाल, ललित गोयल, सुरेंद्र सक्सेना, संजय श्यामपुरिया, मुकेश गोयल, मनोज गोयल, विकास कटारिया,आनंद सुल्तानिया, लक्ष्य अग्रवाल,अजय अग्रवाल, सुमित अग्रवाल,तुषार मित्तल, सनी आहूजा, उमंग गोयल, निखिल श्यामपुरिया, वंश गोयल सहित सेकड़ों श्याम प्रेमी रहें।







# अल्का लांबा का किया स्वागत

रूदपुर( उद संवाददाता) ।अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा अपने एक दिवसीय दौरे पर देहरादून पहुँची। इससे पूर्व उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मति मीना शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जोली ग्रांट एयर पोर्ट पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा का फूल माला पहना कर एवं बुके देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष आशा डोबरियाल शर्मा, अल्का पाल, प्रदेश सचिव सुनीता कश्यप,सपना गिल, महानगर रूद्रपुर अध्यक्ष मोनिका ढाली, पुष्प लता तिवारी, पूनम गुप्ता, प्रीति साना, मालती मॉर्य, जुबेदा बेगम सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थीं।



# तुलसी महायज्ञ में सीता हरण की लीला का हुआ मंचन

रुद्रपुर( उद संवाददाता )।श्री तुलसी धाम सेवा समिति मलसा गिरधरपुर में 70वां श्री तुलसी महायज्ञ प्रारंभ हो गया। श्री राजेंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में इस महायज्ञ में तमाम संतों का समागम हुआ। गत रात्रि इस महायज्ञ के मुख्य अतिथि तिरुपति ग्रुप के चंद्रकेश यादव और हेमेंद्र यादव रहे ,वहीं अध्यक्षता भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने की । सबसे पहले वहां पहुंचने पर श्री यादव और श्री चुघ ने मंदिर में माथा टेका और श्री राजेंद्र दास जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।उनके वहां पहुंचने पर समिति की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। गत रात्रि महायज्ञ में सीता हरण का मंचन किया गया। जिसमें सूर्पनखा नकटी, मारीच वध, रावण का स्वर्ण हिरण भेजना और सीता हरण का मंचन किया गया। जिसमें राम की भूमिका ईशु बांगा, लक्ष्मण की पुलकित चावला, हनुमान जी की हनी बांगा, रावण की अतुल खुराना ,सोनू खुराना, सुग्रीव की सुरेंद्र खुराना, बाली की राजेंद्र खुराना ,अंगद की चंद्रमौली और शबरी की भूमिका संजू बांगा ने निभाई।श्री चुघ ने कहा कि श्री तुलसी धाम सेवा समिति कई वर्षों से महायज्ञ का आयोजन करता आया है। इस वर्ष इस महायज्ञ में स्वामी धर्मदेव जी महाराज, मां हंसेश्वरी भारती जी महाराज, नारायण चौतन्य जी महाराज ,बालमुकुंद जी महाराज, महंत मनीष जी महाराज, प्रेम निष्ठानंद जी महाराज, प्रेमदास जी महाराज, ब्रह्म मुनि जी महाराज विराजमान होंगे और श्रद्धालुओं को कथा अमृत सुनाकर धार्मिक रस से सराबोर करेंगे ।उन्होंने कहा कि ऐसे ध र्मिक आयोजनों से युवा पीढ़ी को ज्ञान मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म का पालन करना चाहिए। हिंदू धर्म एक विराट धर्म है और सभी को अपने धर्म के प्रति निष्ठा रखनी चाहिए। श्री चुघ ने कहा कि यह हम सब का सौभाग्य है कि सैकड़ो साल का सपना आज पूरा हुआ है कि जब हम सब लोगों ने अयोध्या में श्री रामलला का मंदिर बनते हुए देखा है। जिसकी प्राण प्रतिष्ठा स्वयं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। उन्होंने कहा कि प्रभु राम करोड़ों हिंदुओं के आदर्श हैं,राम मंदिर आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा देता रहेगा।इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम का विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित करके व फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश खुराना, सचिव हरीश बांगा, कोषाध्यक्ष विपिन बांगा, बैजनाथ छाबड़ा, अशोक बांगा, विनोद नरूला, झंडाराम बांगा, सतपाल कामरा, ओम प्रकाश बांगा ,पंकज गांधी, पंकज बांगा, सुरेंद्र चावला ,शिवा चावला, अतुल बांगा, रविंद्र चावला ,विनोद बेहड, सजल, इशांत, हनी समेत तमाम लोग मौजूद थे।




# अमृतसर के लिए ट्रेन की घोषणा पर मिष्ठान वितरित

गदरपुर (उद संवाददाता)।लाल कुआं से अमृतसर साहिब तक ट्रेन के संचालन की घोषणा होने पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सांसद अजय भट्ट का आभार व्यक्त करने के साथ मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि इस ट्रेन के संचालन से अमृतसर साहिब और ब्यास जाने वाले श्रद्धालुओं को अब परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस घोषणा से जिलेवासियों की बहुत बड़ी मांग पूरी हुई है और हम सभी कार्यकर्ता और जनता भाजपा सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सुराना विधानसभा विस्तारक खीमानंद जोशी, अशोक हुड़िया,सुभाष गुंबर, व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष राजकुमार भूड्डी, नरेश हड़िया, अरविंद पाल, संजय चौधरी, अनिल जेटली, अभिषेक वर्मा, कंचन सिंह, राजबाला चौहान, पूनम ग्रोवर ज्योति अरोड़ा, मानसी शर्मा, हरलोक नामधारी, जसवीर सिंह, रंजीत सिंह, परमजीत सिंह, मनोज गिरी,निर्मल नारंग, सुभाष खुराना, कुलदीप सिंह, सूरजभान गुप्ता,राजू शर्मा, सैफ अली, वीर सिंह सैनी, रामप्रकाश सैनी,हरपाल हितकारी, रविंदर प्रधान, बंटी डंग, हरीश रलहन,सुरजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# आंगनबाड़ी वर्करों ने केन्द्रों में ताले जड़े

## विभिन्न मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ती, सहायिका, मिनी कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार जारी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ती, सहायिका, मिनी कर्मचारी संगठन जिला इकाई के बैनर तले भारी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने आंगन बाड़ी केन्द्रों में ताले लगाकर गांधी पार्क में आज भी धरना प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते जिला अध्यक्ष मनप्रीत कौर ने कहा कि अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पिछले काफी समय से आन्दोलित हैं। लेकिन सरकार उनकी मांगों की निरंतर उपेक्षा कर रही है। मांगों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि न्यूनतम मजदूरी को देखते हुए 600 रुपए प्रति दिन के हिसाब से 18 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाये। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को रिटायरमेंट होने पर 2 लाख रुपए देने का प्रावधान रखा जाये जिससे वह अपनी बची जिन्दगी अच्छी तरह व्यतीत कर सकें। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को गोल्डन कार्ड जारी किया जाए जिससे वह भी सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त सके। मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों का उच्चीकरण करने के लिए शासनादेश शीघ्र जारी किया जाए। उन्होंने कहा जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होगा वह ऑन लाइन कोई भी कार्य संपादित नहीं करेंगे। जिला महामंत्री रंजीता अरोरा ने बताया कि जब तक उनकी मांगे स्वीकार नहीं हो जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान माधुरी, निशा, रेहाना , मुनीजा, तबस्सुम, संध्या सक्सेना, नीलम, राखी, रेखा, पार्वती, शकुंतला, रचना, शिवानी, हीरा बोस, नीरू, हंसा लोहनी, उर्मिला मिश्रा, आरती कुंवर, शर्मिला, आशा, बबली विश्वास, सीमा पाल, हिना, कंचन चौहान, खुशबू कन्नौजिया, सुषमा सैनी, सुनीता, रेखा, रेनू, सीमा, विमला, शांति, इशरत जहां, सरोज, हेमलता, उर्मिला पाल, गीता, सीता, सुरेश देवी, सरिता बोरा, प्रेमलता, पुष्पा शुक्ला, कममलेश पटवाल, प्रतिभा, कुसुम यादव, सुमन, ज्योति, रियाज बानो, मंजीत सहित कई आंगनवाड़ी कार्यकर्ती मौजूद थीं।

# सार्वजनिक अखंड नाम संकीर्तन का हुआ समापन

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। संजय नगर खेड़ा में 5 दिन से चल रहे सार्वजनिक अखंड नाम संकीर्तन महायज्ञ का आज समापन हुआ। इन 5 दिनों में विभिन्न कीर्तन मंडलियों ने प्रभु नाम का गुणगान किया। यह संकीर्तन महायज्ञ 17 फरवरी को प्रारंभ हुआ था।जहां सैकड़ो हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे ।आज सार्वजनिक अखंड नाम संकीर्तन के समापन पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ पहुंचे। जहां उन्होंने साधु संतों का आशीर्वाद दिया और कीर्तन में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि



इस तरह के धार्मिक अनुष्ठानों से आपसी प्रेम और सौहार्द बढ़ता है। रुद्रपुर शहर में समय-समय पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिसमें विभिन्न मत और संप्रदाय के लोग शामिल होते हैं जो आपसी एकता की मिसाल है। उन्होंने कहा कि प्रभु नाम के सुमिरन से मनुष्य भवसागर से पार हो जाता है। उन्होंने सार्वजनिक अखंड नाम संकीर्तन महायज्ञ पर सभी को शुभकामनाएं दी। समापन अवसर पर प्रसाद भंडारे का भी आयोजन किया गया ।इस मौके पर रमन विश्वास, राजकोली, शिवकुमार शिबू ,दर्शन कोली, सनी पासवान समेत सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# भाजपा सरकार में हर वर्ग का हो रहा विकास: सुखीजा

गदरपुर( उद संवाददाता)। मंडल की लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के कार्यालय पर संपन्न हुई। कार्यशाला में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मूल मंत्र को धरातल पर उतरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज देश में 23 करोड़ से अधिक लोगों ने केंद्र सरकार की योजना का प्रत्यक्ष तौर पर लाभ लिया है और साथ ही 6 करोड़ से अधिक लोगों ने दो से अधिक योजनाओं का लाभ लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इन सभी लाभार्थियों तक पहुंच कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश पहुंचाने का कार्य करेंगे, उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में विश्व के अंदर भारत का मान सम्मान बहुत तेजी के साथ बड़ा है भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन चुका है भारत में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति का जीवन स्तर उठाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। लाभार्थियों से संपर्क करके कार्यकर्ता इस चुनावी अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, विधानसभा विस्तारक खीमानंद जोशी, कंचन सिंह, राजबाला चौहान,पूनम ग्रोवर ज्योति अरोड़ा, मानसी शर्मा, हरलोक नामधारी, जसवीर सिंह, रंजीत सिंह, परमजीत सिंह, मनोज गिरी,निर्मल नारंग, सुभाष खुराना, कुलदीप सिंह, सूरजभान गुप्ता,राजू शर्मा, सैफ अली, वीर सिंह सैनी, रामप्रकाश सैनी,हरपाल हितकारी, रविंदर प्रधान, बंटी डंग, हरीश रलहन, सुरजीत सिंह अशोक हुड़िया, सुभाष गुंबर, नरेश हड़िया अरविंद पाल संजय चौधरी अनिल जेटली अभिषेक वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






# देश के 26 विश्वविद्यालयों में कुमांऊ विवि का चयन होने पर हर्ष व्यक्त

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। श्री गुरु नानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के निर्देशन में पीएम उषा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विश्वविद्यालय को बहुविधात्मक शिक्षा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय स्थापित करने की दिशा में राष्ट्रीय स्तर पर 26 विश्वविद्यालयों में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल का चयन होने पर महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ मनिंदर सिंह गुलाटी ने भारत सरकार एवं उच्च शिक्षा मंत्रालय तथा कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति को बधाई देते हुए कहा कि यह हम सब का सौभाग्य है कि कुलपति के अथक प्रयासों से कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल देश के 26 विश्वविद्यालय में से इस अभियान के तहत चयनित हुआ है ।इस अवसर पर आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित विश्वविद्यालय के कार्यक्रम से जुड़ने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ जिसमें देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी एवं देश के उच्च शिक्षा मंत्री सहित तमाम शिक्षाविदों को सुनने का समस्त प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मौका मिला। डॉ मनेन्द्र सिंह गुलाटी ने कहा कि प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत विश्वविद्यालय को जो सहायता मिली है इससे विश्वविद्यालय सहित तमाम सरकारी एवं निजी संस्थाओं को भी समग्र शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने के लिए मदद मिलेगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के बीएड विभागाध्यक्ष डॉ इन्दुबाला सहित डेढ़ सौ से अधिक छात्र छात्राओं तथा 25 से अधिक सहायक प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

# स्टोन रिज स्कूल के तीन छात्रों का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल के तीन छात्रों का चयन इंस्पायर अवार्ड के लिए हुआ है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार की ओर से आयोजित इंस्पायर अवार्ड मानक के लिए विद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इसमें विद्यालय के कक्षा 9 के छात्र शुभम शर्मा, रूद्रप्रताप एवं कक्षा दस के शिवम पाठक को चयनित किया गया। सरकार हर वर्ष चयनित छात्रों को विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए दस हजार का पुरस्कार देकर सम्मानित करती है। विद्यालय प्रबंधक राजेश सलूजा एवं प्रधानाचार्य संजीव स्टीफन ने छात्रों की उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## पेज एक का शेष...

**आंदोलन में किसान की ...**रोक दिया। जिससे किसानों व कोतवाल के मध्य तीखी नोंकझोंक शुरू हो गई। किसानों का कहना था कि उन्हें काशीपुर रोड़ या भगतसिंह चौक पर पुतला फूंकने दिया जाये लेकिन कोतवाल उन्हें रोकते रहे। काफी देर तक चली बहस के बाद आन्दोलित किसान नारेबाजी करते हुए भगतसिंह चौक की ओर बढ़ गये जहां उन्होंने हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के पुतले को आग के हवाले कर दिया। इस दौरान तजेन्दर सिंह विर्क, इकबाल सिंह चीमा, जसवीर सिंह, बलविन्दर सिंह, बलकार सिंह, जोगा सिंह, चरनजीत सिंह, राजविन्दर सिंह, हरजीत सिंह, हरबंश सिंह, बलराज सिंह, सरजीत सिंह, करनैल सिंह, हीरा सिंह, अमृतपाल सिंह, सतपाल सिंह, रघुवीर सिंह, जरनैल सिंह, सुखदेव सिंह, हरपाल सिंह सहित अनेक किसान मौजूद थे।

**विवाहिता की संदिग्ध ...**युवक के साथ किया था। आरोप है की शादी के कुछ दिन ठीक-ठाक बीते लेकिन इसके बाद विवाहिता को दहेज में दो लाख की नगदी तथा चार पहिया गाड़ी के लिए ससुराल वालों द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा। इस बीच उसने एक पुत्री को जन्म दिया जो अब लगभग 2 वर्ष की है। बेटी के पैदा होते ही ससुराल वालों ने विवाहिता का और अधिक उत्पीड़न शुरू कर दिया। पानी सर से ऊपर गुजरा तो विवाहिता ने इसकी शिकायत मायके वालों से की। मायके वालों ने विवाहिता के ससुराल पक्ष को तमाम समझाने का प्रयास किया लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। मजबूरी में विवाहिता को कानून का सहारा लेना पड़ा। उसने मामले की तहरीर महिला हेल्पलाइन में दी। इसके अलावा कटघर पुलिस को भी पीड़ित पक्ष द्वारा मामले से अवगत कराया गया लेकिन पुलिस की एक नहीं चली। अंत में मायके में रहते हुए विवाहिता ने फैमिली कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। न्यायालय की ओर से बच्ची के पालन पोषण को लेकर हरजे खर्चे का निर्धारण किया गया। लेकिन इसी बीच आरोप है कि तनाव अत्यधिक होने के कारण बुधवार को पति समेत पांच लोग अचानक उसके मायके धमके। इस वक्त वह घर में अकेली थी। मौका पाकर पांचो ने विवाहिता को अधमरा कर दिया और वहां से फरार हो गए। बेहोशी की हालत में स्थानीय लोगों की मदद से विवाहिता को नाजुक हालत में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। मायके वालों का आरोप है कि मृतका का पूरा शरीर पीला पड़ चुका है।

**नवनिर्मित भव्य श्याम...**की गई। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आरती पूजा के बाद विशाल भण्डारा आयोजित किया गया। आज सायं मन्दिर परिसर में भव्य दरबार सजाया जायेगा जिसमें स्थानीय एवं आमंत्रित भजन गायक कलाकारों द्वारा श्री खाटू श्याम बाबा की महिमा का गुणगान होगा। आयोजकों ने सभी बाबा भक्तों से आयोजित भव्य दरबार में पहुंचकर श्री खाटू श्याम बाबा का आर्शीवाद प्राप्त करने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कान्ता अग्रवाल, विधायक शिव अरोरा, विधायक तिलक राज बेहड़,पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का मन्दिर समिति द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान कैलाश चन्द्र गर्ग,चन्दन लाल, राजेश श्यामपुरिया, कस्तूरी लाल, पूनम चन्द्र अग्रवाल, नरेन्द्र बंसल,नितेश गुप्ता, सचिन अग्रवाल, संदीव राव, अनिल जैन,सोनू अनेजा,सुरेश कोली,उपेन्द्र चौधरी,अमित बांगा, राजकुमार जिन्दल, अनुज अग्रवाल,संजय अग्रवाल, जितेश गुप्ता, नरेश बंसल, पवन अग्रवाल, नितिन गोयल,शिव अग्रवाल ,सुषमा अग्रवाल, किरन जिन्दल, काजल सिंघल, प्रिया गर्ग, ज्योति गोयल, कंचन अग्रवाल, पुष्पा गर्ग, आरती अग्रवाल, सीमा जिन्दल, सोनल बंसल आदि मौजूद थे।

**मुठभेड़ में बदमाश की ...**चूहों ने नोंच खाया था। तभी से टीमें आरोपी की तलाश में लगातार जुटी हुई थी। बुधवार की रात सूचना मिली कि चमगादड़ टापू के पास बच्चे की हत्या करने वाला आरोपी घूम रहा है। इसके बाद सीआईयू और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। आरोपी ने पुलिस को देखते ही फायर झोंक दिया। जिससे दरोगा पवन डिमरी घायल हो गए। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश प्रदीप उर्फ दीपक के पैर में गोली लग गई। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार लिया। दोनों घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया है।

**झोलाछाप की लापरवाही...**का कहना है कि उसने दवा की एक पुड़िया बच्चे को खिलाई तो उसकी हालत तेजी से बिगड़ने लगी। जब वह बच्चे को यहां जिला चिकित्सालय लेकर आई तो डाक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि किसी गलत दवा के रियेक्शन से बालक की मौत हुई है। मासूम बालक की अचानक हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

**पत्नी से विवाद के ..**तो बाहर की खिड़की से झांक कर देखा तो पति एक दुपट्टे से पंखे पर लटके हुए हैं।जिस पर तुरंत दरवाजा तोड़ा तो देखा कि उनकी सांस नहीं चल रही है। चौकी प्रभारी लालपुर उपनि सतीश कुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

**फिल्मी अंदाज में ...** हाईवे पर एक बाइक गिरी हुई थी एक युवक भी लेटा हुआ था। दूसरे युवक ने रुकने का इशारा किया। जैसे ही उसने अपनी कार रोकी युवक ने तमंचा दिखाकर नीचे उतार लिया। जेब में रखे 250 रूपये और मोबाइल लूट कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने भी आरोपियों को पकड़ने के लिए घेराबंदी शुरू कर दी।

**अब्दुल मलिक की ...**निवासी लाईन नं. 17. आजादनगर हल्द्वानी, तहसील हल्द्वानी, जिला नैनीताल, अब्दुल लतीफ निवासी बरेली, उत्तर प्रदेश के विरूद्ध झूठे कूटरचित प्रार्थना पत्रों एवं शपथ पत्रों के आधार पर षडयंत्र करते हुए राजकीय भूमि को हडपने, खुर्द-बुर्द करने, विक्रय करने अपराधिक षडयन्त्र रचकर राजकीय विभागों एवंम् झूठे शपथ पत्रों के आधार पर मा. न्यायालय को गुमराह किया।

**घर के बिस्तर पर...**से मोंटी का मोबाइल फोन बंद जा रहा था। मृतक के बड़े भाई ने बताया कि कल मोहल्ले वालों के द्वारा उसे सूचना मिली कि घर में उसका भाई बिस्तर पर बेहोश पड़ा है। जब वह घर पहुंचा तो भाई की स्थिति गंभीर थी। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# स्मैक बेचता युवक गिरफ्तार

गदरपुर( उद संवाददाता)। गूलरभोज रोड पर तेजा फौजा कॉलोनी में स्मैक बेच रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी के नेतृत्व में चल रहे चेकिंग अभियान में सब इंस्पेक्टर बसंत कुमार द्वारा चेकिंग के दौरान तेजा फौजा रोड पर मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस द्वारा पास में ही निर्माणधीन मकान पर संदिग्ध अवस्था में खड़े एक युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मलकीत सिंह पुत्र खजान सिंह बताया तथा उसके पास से छोटी-छोटी पुड़ियों में लगभग 6.10 ग्राम स्मैक बरामद हुई । पूछताछ में युवक ने बताया कि वह बहेड़ी के बस अड्डे के पास रहने वाले एक युवक से 2000 ग्राम स्मैक खरीद कर लाता है और छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर ढाई सौ रुपए प्रति पुड़िया के हिसाब से उसे यहां पर बेचता है। पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 24 वीं पुण्य तिथि



# स्व0 राजेन्द्र गम्भीर

**अवसान तिथि 22 फरवरी 2000**

आपकी मधुर स्मृति, आदर्श स्नेह, मार्गदर्शन और
आपका आशीर्वाद हमारे लिए हमेशा प्रेरणादायक रहेंगे।
आपके आदर्शो का अनुश्रवण हमारा लक्ष्य रहेगा।
हमारे अस्तित्व के निर्माता आपको भावपूर्ण हृदय से

## श्रध्दांजलि

श्रीमति अल्का गम्भीर (पत्नी)
सी.ए. मोहित - डिम्पल गम्भीर (पुत्र-पुत्र वधू)

सी.ए. रोहित - प्रिया गम्भीर (पुत्र-पुत्र वधू)
शिवान्या गम्भीर (पौती) युवराज गम्भीर (पौत्र)

एलायंस किंगस्टन एस्टेट, रुद्रपुर मो.8449857171, 9718054987